राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 169, पेज 8, मूल्य 1 रूपये बुधवार, 4 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

वंचित अनुसूचित जाति समाज ने एसडीएम अमित मान को ज्ञापन सौंपा

Page 3



# कांग्रेस के नेता जनता के लिए नहीं, एक परिवार के लिए वफादार : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### बोले : कांग्रेस जनता की नहीं, एक परिवार की वफादार

### तरावड़ी अनाज मंडी में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में गरजे मुख्यमंत्री

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। नीलोखेड़ी की तरावड़ी अनाज मंडी में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही झूठ बोलना है। झूठ बोलकर ये जनता के वोट लेते हैं और फिर जनता का शोषण करते हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ पर जिंदा है। कांग्रेस पार्टी और इसके नेता सिर्फ एक परिवार के लिए वफादार हैं, ये लोग देश और जनता के लिए कभी भी वफादार नहीं हो सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ हुए गठबंधन ने कांग्रेस की पोल खोल कर रख दी है। कांग्रेस ने वहां आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कही है, इसे मेनिफेस्टो में भी दर्ज किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है, लगभग 10 प्रतिशत सैनिक हरियाणा से हैं। ये जवान अपनी जान की बाजी लगाकर आतंकवादियों से लोहा लेते हैं और कांग्रेस उन्हीं आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं राहुल गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहता हूं कि क्या देश के जवान को एक तरफ रखकर वे आतंकवादियों को सम्मान देने के पक्षधर हैं। हरियाणा के सैनिक जवान कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगे। जन आशीर्वाद रैली में जुटी हजारों की भीड़ देखकर नायब सैनी गदगद हो गए और उत्साहित नजर आए।

नायब सैनी ने कहा कि यहां आए हजारों लोगों के हुजूम ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार नीलोखेड़ी से एक कमल खिलकर चंडीगढ़ जा रहा है। रैली में पहुंची मातृशक्ति ने मोहर



लगा दी है कि नीलोखेड़ी से कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास न कहने को कुछ है न बोलने को। जब कुछ नहीं बचा तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे हिसाब मांगों यात्रा लेकर निकल पड़े। नायब सैनी ने शायराना अंदाज में कांगेस पर कटाक्ष किया कि 'दिल में कसक है, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं, जिनके खुद के खाते खराब हैं, वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं'। रैली में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, अलीगढ़ के सांसद और करनाल प्रभारी सतीश गौतम, जिला प्रभारी भारत भूषण, मीना चौहान, गुरमेश गोंदर, स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र, हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के सदस्य रहे अमरनाथ सौदा, नगर निगम चेयरमैन रेनू बाला, कृष्ण गर्ग, राजबीर शर्मा, शिवनाथ कपूर, प्रवीण गुप्ता, महिपाल राणा, नरेश बंसल, संजय राणा, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।

**हुड्डा बताएं दलितों की बस्ती क्यों फूंकी गई**

'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम तो हर साल जनता के बीच में जाकर हिसाब देते हैं, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं, वे भी अपना हिसाब दें। जनता को बताएं कि किस तरह कांग्रेस के राज में दलितों की बस्तियों को फूंका गया, दलितों को पलायन के लिए क्यों मजबूर किया गया। किसानों की जमीन क्यों दामाद को खुश करने के लिए लूटी गई, किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई, पेंशन 500 रुपये से ज्यादा क्यों नहीं बढ़ाई गई। नायब सिंह ने कहा कि ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब न तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास है और न ही पूरी कांग्रेस पार्टी के पास। हरियाणा की जनता कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कभी माफ नहीं करेगी।

**पेंशन के लिए धक्के खाते थे बुजुर्ग, आज घर बैठे बन रही**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में बुजुर्ग पेंशन बनवाने के लिए धक्के खाते थे, पेंशन बन भी जाती थी तो अधिकारियों को खर्ची देनी पड़ती थी। हुड्डा बताएं कि कितनी पेंशन अपने कार्यकाल में बनवाई। कर्मचारियों के ट्रांसफर में भ्रष्टाचार होता था, आज एक बटन से कर्मचारी ट्रांसफर ले सकते हैं, हमने लाखों लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए। चिरायु योजना चलाकर गरीब लोगों का इलाज करवाने की मुफ्त सुविधा दी। लेकिन कांग्रेस के शासन में ऐसी कोई योजना नहीं थी और गरीब व्यक्ति इलाज के आभाव में दम तोड़ देता था। ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनका जवाब हुड्डा और कांग्रेस के पास नहीं है।

**लोकसभा चुनाव में भी संविधान को लेकर भ्रम फैलाया**

रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति झूठ और भ्रम फैलाने वाली है। कांग्रेस के नेताओं को लोकसभा चुनाव में जब कोई मुद्दा नहीं मिला तो राहुल गांधी पवित्र संविधान को ही उठा लाए। कांग्रेस ने झूठ फैलाया कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए तो संविधान को बदल देंगे। सबसे बड़ा झूठ घर-घर जाकर यह फैलाया कि कांग्रेस को वोट दोगे तो 8500 रुपये खाते में खटाखट आएंगे, लेकिन हुआ कुछ नहीं। कांग्रेस ने लोगों को गुमराह किया और हरियाणा में भी वे इसी तरह गुमराह कर रहे हैं, इसलिए जनता इनसे सावधान रहे।

**पंजाबी समाज अपमान नहीं भूलेगा, कांग्रेस को सत्ता से बाहर ही रखेगा**

रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हुड्डा ने पंजाबी समाज का अपमान किया है। ये कहते हैं कि पंजाबी समाज पता नहीं कहां से आए हैं, इनसे हमारी संस्कृति मेल नहीं खाती। जिस पंजाबी समाज ने देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया, उस देशभक्त पंजाबी समाज के बारे में कांग्रेस ने अपशब्द कहे। पंजाबी समाज अपना अपमान कभी नहीं भूलेगा और कांग्रेस को सत्ता से हमेशा बाहर रखेगा।

**डबल इंजन की सरकार ने मिशन मोड में विकास किया**

रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जो लोग 10 साल का हिसाब मांगते हैं, उनसे 10 साल का हिसाब सुना नहीं जाएगा। मैं अगर अपने 56 दिनों का हिसाब भी दूं तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो जाएगा। मेरे 56 दिनों का हिसाब तो मात्र ट्रेलर है, 8 अक्टूबर को भाजपा की सरकार बनने पर कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पूरी फिल्म दिखाएंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं और युवाओं की सशक्तिकरण के लिए लगातार बिना किसी भेदभाव और क्षेत्रवाद के समान रूप से कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 12 मार्च को शपथ लेने के बाद, उनकी सरकार को 182 दिनों में से केवल 56 दिन काम करने का अवसर मिला, क्योंकि 128 दिन आचार संहिता लागू थी।

# भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता महज एक अंक नहीं, विचारधारा का वाहक है : अमित शाह

समाचार गेट ब्यूरो

करनाल। दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी ने 2 सितंबर से राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुवात की। जिसमें सबसे पहली सदस्यता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली। इस सदस्यता अभियान का लक्ष्य जहाँ एक तरफ साल 2014 की ही तरह भारतीय जनता पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाना है। साथ ही, इस अभियान का लक्ष्य सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी है, जिसमें सर्वस्पर्शी का अर्थ है कि, देश का कोई भी बूथ चाहे किसी भी पहाड़, द्वीप या घने जंगल, बीहड़ में क्यों न मौजूद हो। वह अछूता न रहे। जबकि समावेशी का अर्थ है कि, देश का कोई भी नागरिक किसी भी जाति-धर्म-मजहब का भले क्यों न हो, उन्हें भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ना। क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है। जो अपने सदस्यों और कार्यकर्ताओं को सिर्फ एक अंक नहीं समझती। भाजपा पार्टी का हर कार्यकर्ता जीवंत इकाई है। हर कार्यकर्ता विचारधारा का वाहक है। यहाँ कार्यकर्ता कार्य-संस्कृति का पोषक है। जोकि सरकार और संगठन के बीच में एक कड़ी के रुप में भी कार्य करता है। जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है।

गौरतलब है कि, आज हमारे भारत देश में 1,500 से अधिक राजनीतिक पार्टियां मौजूद हैं। लेकिन कोई भी ऐसी पार्टी नहीं है जो लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद सदस्यता अभियान चलाता हो, सिवाए भारतीय जनता पार्टी के। यह बात जग जाहिर है कि, एक समय भारतीय जनता पार्टी में सिर्फ दो सदस्य हुआ करते थे और आज का एक दौर है। जब भाजपा पार्टी भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की सबसे



बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और यही भाजपा के अनूठे पन की निशानी है। जिसने अपने संघर्ष के दिनों में अनेकों मुसीबतें, चुनौतियां झेली, अनेकों हार, अनेकों पराजय झेली। बावजूद इसके अपने संघर्ष को कभी थमने नहीं दिया।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल में जहाँ 60 करोड़ गरीबों को घर, बिजली, शौचालय, राशन, गैस और 5 लाख तक का मुफ्त आरोग्य मिला है। वहीं भाजपा सरकार में आज का भारत विकसित, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण की कल्पना करता है। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में ग्रामीण विकास हो या शहरी, ऊर्जा हो या अंतरिक्ष, डिजिटलाइजेशन या इंफ्रा हर क्षेत्र में दमदार विकास हुआ है। इसी नेतृत्व ने देश में आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को भी मजबूत किया है। जिसकी बादौलत आज देश हर रोज नई ऊंचाइयां छूने में कामयाब हो पाया है।

इस सदस्यता अभियान के पूर्ण होने के बाद नया संगठन बनेगा और फिर एक बार भारत विजय-भाजपा विजय का अभियान शुरू होगा। इसलिए जरूरी है कि, हम सभी हर गाँव, हर घर, हर शहर, हर द्वीप, जंगल, पहाड़ जाकर भारतीय जनता पार्टी का विस्तार करें। ताकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महान भारत और विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर सकें।

# सभी 90 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है आप : सुशील गुप्ता

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। गठबंधन का फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा। हम इस समय चुनाव प्रचार पर ध्यान दे रहे हैं। पिछले महीने आम आदमी पार्टी ने 15 दिन में 45 रैलियां की थी। पूरे प्रदेश में परिवार जोड़ो अभियान चल रहा है। रोजाना




सैंकड़ों परिवार आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की गारंटियों का रजिस्ट्रेशन घर घर में हो रहा हैं। हमारा मकसद प्रदेश के 40 लाख घरों तक पहुंचना है। 14 सितंबर तक पूरे हरियाणा में शीर्ष नेताओं की रैलियां शेड्यूल की गई हैं। इसके बाद अरविंद केजरीवाल भी पूरे हरियाणा में जनसभा करेंगे।

# कांग्रेस का आप, समाजवादी और वामपंथियों से गठबंधन

## आप को 5 एक समाजवादी और एक वामपंथियों को टिकट देने की हामी

समाचार गेट ब्यूरो

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस-आप गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिसमें कांग्रेस आप को पांच सीटें आवंटित करने पर सहमत हो गई है। कथित तौर पर गठबंधन 5-1-1 फॉर्मूले पर आधारित है। इसमें आप के लिए पांच सीटें, समाजवादी पार्टी के लिए एक और वामपंथी दल के लिए एक सीट है।

टाइम्स नाऊ के अनुसार आज शाम 6 बजे होने वाली कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में सीट बंटवारे की व्यवस्था पर आगे चर्चा की जाएगी। इससे पहले दिन में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने पुष्टि की थी कि आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए संभावित गठबंधन के संबंध में आम आदमी पार्टी के साथ चर्चा चल रही है।

बाबरिया ने कहा था कि हम बीजेपी के खिलाफ लड़ाई में वोटों को बंटने नहीं देंगे। हम भारत गठबंधन के दलों के साथ बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही अंतिम फैसले के बारे में सूचित करेंगे। मंगलवार, 3 सितंबर की शाम 6 बजे होने वाली बैठक में विनेश फोगाट की उम्मीदवारी पर भी फैसला हो सकता है।



इस बीच, आप सांसद संजय सिंह ने उन खबरों का स्वागत किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले आप के साथ गठबंधन के बारे में बात की थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल गांधी के बयान पर आप नेता संजय सिंह ने कहा, उनके इस कथन का मैं समर्थन करता हूं। निश्चित तौर पर भाजपा को हराना हम सब की प्राथमिकता है। लेकिन इसके बारे में आधिकारिक रूप से हमारे हरियाणा के प्रभारी बातचीत करके सूचना अरविंद केजरीवाल को देंगे। उस हिसाब से निर्णय लिया जाएगा।

इस बीच कांग्रेस नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और विनेश फोगाट को लेकर बयान दिया। आप के साथ गठबंधन पर कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी की सिर्फ बात नहीं है। इंडिया गठबंधन के तहत लोकसभा का चुनाव लड़ा गया। इस गठबंधन के कुछ साथी चाहते हैं कि हरियाणा में भी उनको हिस्सेदारी मिले, यह उनका मत है। बाकी पार्टी और सेंट्रल हाईकमान फैसला करेगा। मेरा अपना मानना है कि इस पर विचार जरूर हो रहा होगा। उन्होंने रेसलर विनेश फोगाट के कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की खबरों पर भी बयान दिया।

**विनेश के चुनाव लड़ने पर क्या दिया जवाब**

चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि अभी इस तरह की कोई बात नहीं है। यदि वह चुनाव लड़ना चाहें तो अलग बात है। मुझे नहीं लगता इस तरह की कोई बात हुई हो कि विनेश फोगाट ने कहा हो कि मैं चुनाव लड़ना चाहती हूं। इस तरह की हमारे पास कोई सूचना नहीं है।

**रैली में उनके साथ कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा**

बता दें कि विनेश फोगाट ओलंपिक में अधिक वजन पाए जाने के बाद गोल्ड मेडल मुकाबला नहीं खेल पाई थीं। इसके बाद वह लौटीं तो उनके समर्थन में एक रैली निकाली गई थी। इस रैली में उनके साथ कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा नजर आए थे। वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा था कि हम विनेश फोगाट का सम्मान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि अगर हमारे पास एक भी राज्यसभा सीट होती तो उन्हें मौके दे देते।

**राजनीतिक दलों ने कमर कस ली**

इसके बाद कयास लगाया जाने लगा कि विनेश फोगाट को कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में उतार सकती है। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। हरियाणा में एक चरण में चुनाव होगा। हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होना है, जबकि नतीजे आठ अक्टूबर को घोषित होंगे।

# 'मेरी पहली वोट' अभियान से चुनाव मैदान में उतरी एनएसयूआई

### प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेज में जाकर छात्र मुद्दों पर वोट डालने के लिए जागरूक करेगा संगठन : अविनाश यादव

### सर्व में छात्रों ने अग्निवीर, महिला सुरक्षा, पक्की भर्ती, पेपर लीक और फीस वृद्धि को बताया अहम मुद्दा : यादव

### प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पेपर लीक पर अंकुश लगाकर होगी 2 लाख पक्की भर्ती : यादव

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में विधानसभा चुनाव में छात्रों के मुद्दों को लेकर नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) ने भी ताल ठोक दी हैं। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव ने मंगलवार को संगठन का चुनाव कैंपेन 'मेरी पहली वोट' लांच किया। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई एक महीना पूरे प्रदेश की यूनिवर्सिटीज व कॉलेजों में जाकर छात्रों के बीच जागरूकता लाएगी कि वे अपनी पहली वोट किन मुद्दों पर कांग्रेस को दें।

अविनाश यादव ने इस मौके पर कहा कि मतदान में भागीदारी कर अपनी वोट सही जगह डालना हर एक युवा की जिम्मेदारी है। इसलिए हमारे कैंपेन की टैगलाइन 'बात है भागीदारी की, हमारी जिम्मेदारी की' बनाई गई है। हमने प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में जाकर छात्रों को राय भी जानी है कि उनकी क्या समस्याएं हैं। ज्यादातर छात्रों ने कहा कि वे अपनी पहली वोट अग्निवीर, महिला सुरक्षा, पक्की भर्ती, पेपर लीक और फीस वृद्धि आदि मुद्दों को देखते हुए देंगे।




यादव ने कहा कि हजारों छात्रों के साथ चर्चा में सामने आया कि अग्निवीर योजना से सेना में जाने वाले छात्रों को अपना भविष्य अंधकार में दिख रहा है और वे पहले की तरह सेना में पक्की भर्ती ही चाहते हैं।

छात्राओं को कॉलेज कैंपस में सुरक्षा की चिंता है क्योंकि बीजेपी सरकार में गुंडागर्दी चरम पर है। सत्ता में बैठे लोग खुद अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। कैंपस में अधिकतर जगह कैमरे भी नहीं लगे हैं।

वहीं, प्रदेश का युवा भाजपा सरकार में हुई कच्ची भर्तियों और पेपर लीक को लेकर सबसे ज्यादा परेशान है। प्रदेश में लगभग दो लाख पद सरकारी विभागों में खाली पड़े हैं, लेकिन भाजपा ने कौशल रोजगार निगम के जरिये कच्ची भर्ती कर युवाओं का शोषण किया है। हरियाणा की भर्तियों में 30 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। इससे योग्य उम्मीदवारों की मेहनत पर पानी फिरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर छात्रों व युवाओं से जुड़े इन सभी मुद्दों का समाधान करवाया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर पेपर लीक पर अंकुश लगाकर पक्की भर्तियां तय समय में होंगी। महिला सुरक्षा को लेकर कैंपस में जरूरी कदम उठाए जाएंगे। यादव ने कहा कि सर्वे में सामने आया कि स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा उम्मीद सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से हैं। वे मानते हैं कि दीपेंद्र हुड्डा ने ही सड़क से लेकर संसद तक युवा, किसान, जवान और पहलवान के मुद्दे को बखूबी उठाया है।

उन्होंने कहा कि उन्हें महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के छात्रों ने बताया कि उनकी फीस बेतहाशा बढ़ाई गई है। गरीब परिवारों के बच्चे यह फीस नहीं भर सकते। किसान परिवारों के बच्चों का कहना है कि उनकी फसलों को उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा। किसान परिवार कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं। हमारा मानना है कि मुफ्त शिक्षा पर सभी का अधिकार है। एनएसयूआई 'मेरी पहली वोट' कैंपेन के जरिये हरियाणा के सभी कॉलेज में जाकर स्टूडेंट्स के बीच प्रचार करेगी कि वे अपनी पहली वोट कांग्रेस को दें। कांग्रेस पार्टी ही उनकी इन सभी समस्याओं को दूर करेगी और छात्र हित में फैसले लेगी।

## कांग्रेस में अपने दम पर हरियाणा में चुनाव लड़ने का दम नहीं है : अनिल विज

समाचार गेट ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस में अपने दम पर हरियाणा में चुनाव लड़ने का दम नहीं है और इसी कारण से आप पार्टी के साथ गलबहियां डाल रहे है। श्री विज आज पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी के आप पार्टी के साथ मिलकर हरियाणा में चुनाव लड़ने संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कल तक भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत हरियाणा कांग्रेस के सारे नेता बड़ी बड़ी हांक रहे थे कि हमारे पास इतनी- इतनी एप्लिकेशन आई हैं। उन्होंने कहा कि अब शायद संख्या भी पूरी नहीं हो रही है इसलिए आउटसाइड सपोर्ट ले रहे है और बाहर की सपोर्ट वही लेता है जो कमजोर होता है।

## संपादकीय

# सर्वजन का नहीं मिला साथ, क्या बहुजन से फिर बनेगी बात



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

बहुजन समाज पार्टी इस समय काफी बुरे दौर से गुजर रही है। उसके वोट बैंक में जबर्दस्त गिरावट आई है तो पार्टी से जुड़े करीब-करीब सभी पुराने नेताओं ने बसपा का दामन छोड़ दिया है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में मायावती दलितों की सबसे बड़ी नेत्री हुआ करती थीं। दलित वोटों की ताकत के बल पर वह अन्य दलों से राजनैतिक सौदेबाजी भी कर लेती थी, परंतु जब से मायवती ने समाज के अन्य वर्गों खासकर मुसलमानों के बीच अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश शुरू की हैं तब से पार्टी के भीतर दलित नंबर दो की हैसियत बनकर रह गये थे। यह बात दलितों को अखरती भी थी, लेकिन दलित वोटरों ने माया से कभी बेवफाई की नहीं सोची। परंतु पिछले कुछ वर्षो से यह सिलसिला टूट गया है। दलित वोटर अपने फायदे के लिये कभी भाजपा को कभी समाजवादी पार्टी का दामन थामने लगे।

इस वर्ष हुए आम लोकसभा चुनाव में सर्वजन को साधकर सत्ता की मास्टर चाबी तलाशती रहीं मायावती को इस लोकसभा चुनाव ने पूरी तरह से संदेश दे दिया है कि दलित वोटों की नींव पर टिकी उनकी पार्टी की राजनीतिक जमीन अब काफी खोखली हो चुकी है। मायावती की यह चिंता अब उनके शब्दों के साथ बाहर आ रही है। लोकसभा चुनाव के बाद से बसपा प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जो भी संदेश दिया है, उसमें 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की ही बात कही गई है, जबकि इससे पहले उनकी पार्टी की रणनीति और बसपा शासन का भी सूत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय ही था। इससे माना जा रहा है कि वह अब अपने कोर वोटबैंक रहे बहुजन समाज को फिर से आकर्षित करने के प्रयास में हैं।

उधर, बसपा प्रमुख मायावती को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की बात तो की, लेकिन एक बार भी सर्वजन यानी सभी समाज-वर्गों का उल्लेख नहीं आया। हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर व दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से भी यही अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों बसपा मूवमेंट व बहुजन अस्मिता के हित में पूरे जी-जान से लगे रहें। सिर्फ यही बैठक नहीं, बल्कि 11 अगस्त, 2024 को उत्तर प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक में दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ने की घोषणा की, तब भी संदेश दिया कि बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की नीति एवं सिद्धांत पर जनता का भरोसा फिर से जीतने का प्रयास लगातार जारी रखना है। यहां गौर करने वाली बात है कि उत्तर प्रदेश में जब बसपा की सरकार थी, तो सरकार सूत्र वाक्य था- सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय। इतना ही नहीं, मायावती अपनी बैठकों में भी इस सूत्र वाक्य को दोहराना नहीं भूलती थीं।

उदाहरण के तौर पर लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले 23 मई 2024 को गौतमबुद्ध की जयंती पर मायावती द्वारा जारी संदेश में खुद कहा था कि बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार बार अपनी सरकार सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के आदर्श के आधार पर चलाई और समतामूलक समाज स्थापित करने का पूरा प्रयास किया। इसी तरह 2024 में ही एक जनवरी, 15 जनवरी और 20 जनवरी को दिए गए संदेश में भी मायावती ने सर्वजन हिताय की बात कही। इन बयानों पर गौर करें तो पता चलता है कि सर्वजन का सूत्र लोकसभा चुनाव परिणाम आने के पहले तक रहा और उसके बाद से सिर्फ बहुजन की रट है। आखिर क्यों? इसका संकेत लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद मायावती द्वारा बुलाई गई पहली राष्ट्रीय स्तरीय बैठक के संबोधन में मिलता है। उसमें उन्होंने स्पष्ट कहा था कि इस बार विरोधी पार्टियों द्वारा चुनाव में विशेषकर संविधान बचाओ जैसे मुद्दों को उठाकर जनता को गुमराह किया, उससे बसपा का जबरदस्त नुकसान हुआ है। मायावती को इस लोकसभा चुनाव से संकेत मिल गया है कि जिस तरह 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने बसपा के दलित वोटबैंक में सेंध लगाई, अब उसमें सपा और कांग्रेस भी बड़ी सेंध लगाती दिख रही हैं।

# सेक्टर 15 मार्केट में हटाए अतिक्रमण व्यापारियों-आरडब्लूए सदस्यों ने किया था प्रदर्शन

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** नगर निगम की टीम ने अवैध बनी दुकानों को हटाने के लिए पीला पंजा चला दिया। आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के लोगों ने धरना प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतरे थे।

सेक्टर 15 मार्केट में नगर निगम की टीम ने मार्केट में अवैध रूप से लगाई गई दुकानों को पुलिस बल के साथ हटवा दिया। कोई विरोध ना करें, इसके लिए स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही।



### किया था प्रदर्शनः

सेक्टर- 15 मार्केट में रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण से परेशान आरडब्ल्यूए और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी संयुक्त रूप से सड़क पर उतरे थे। सदस्यों ने मार्केट में पैदल मार्च निकालकर रोष प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि जब मार्केट में नगर निगम ने वर्ष 2018 में वेंडिंग जोन बनाया था। उस समय यहां कुल 27 दुकानें अलॉट की गई थी। वर्ष 2024 में बढ़कर 90 हो गई हैं।

### लगातार बढ़ी अवैध दुकानेः

सेक्टर- 15ए के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी नीरज चावला, मार्केट एसोसिएशन के प्रधान आलोक और स्थानीय निवासी शोभा और रमेश कुमार ने बताया कि यहां नगर निगम ने 6/4 की दुकानें रेहड़ी पटरी वालों को छह वर्ष पहले दी गई थी लेकिन अब रेहडी पटरी वालों ने यहां पक्की दुकानें बनाने के साथ अन्य लोगों को किराए पर फड़ देना शुरू कर दिया था। अब वेंडिंग जोन में कुल 90 दुकानें हो गई हैं। यहां वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं बची है। इस कारण मार्केट में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। बार बार शिकायत करने के बाद ही समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था, जिसके बाद परेशान लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने यह भी कहा था कि अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दुकानदार मार्केट को बंद करेंगे और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# स्कूल ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती, लीगल लिटरेसी में छः इवेंट्स में प्रथम

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद के जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य विद्यार्थियों ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में डिवीजन अर्थात मंडल लेवल लीगल लिटरेसी कंपटीशन में प्रशंसनीय प्रदर्शन रहा। मनचंदा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने नौ प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। उल्लेखनीय है कि डिबेट, पावर प्लांट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्किट, भाषण, कविता गायन, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने इन में से छह इवेंट्स डिबेट में अभय प्रथम, पावर पॉइंट में मॉदिश मिश्रा प्रथम, क्विज में डिंपल, बजरंगी और प्रेम की टीम प्रथम, पोस्टर मेकिंग में शिवांगी प्रथम, भाषण में मोनिका सेठी प्रथम, पेंटिंग में एकता प्रथम, कविता गायन में प्रीति द्वितीय, डॉक्यूमेंट्री फिल्म में श्याम बाबू तृतीय और स्किट में शिवांगी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मनचंदा ने विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों का सर्वांगीण और चहुंमुखी विकास करना ही हमारा प्रमुख ध्येय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने लीगल लिटरेसी कंपटीशन में इस सत्र में अब तक एक लाख सत्रह हजार की पुरस्कार राशि डी बी टी के माध्यम प्राप्त कर ली हैं। मंडल स्तरीय लीगल लिटरेसी कंपटीशन की ट्रॉफी भी गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय को प्रदान की गई है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देशों के अंतर्गत विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय की छात्राओं और छात्रों को मंडल स्तर की प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के उपरांत हरियाणा राज्य स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा। प्राचार्य, सुशीला बेनीवाल, गीता और अध्यापकों ने छात्रा मोनिका सेठी, प्रीति, शिवांगी, एकता, डिंपल, छात्र बजरंगी, प्रेम, अभय, रजनीश, मॉद्रिश मिश्रा, श्याम बाबू, प्रियांशु और राम बहादुर सहित सभी को सम्मानित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्राध्यापिका सुशीला बेनीवाल, बबीता, गीता सहित प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा सभी का सहयोग देने और विद्यालय के लिए सम्मान प्राप्त करने के लिए स्वागत और अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया तथा सदैव परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया तथा राज्य स्तरीय विधिक सेवा प्रकोष्ठ के विषय में अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।



# पुलिस ने सीआरपीएफ टीम के साथ निकाला फ्लैग मार्च



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा एसीपी सराय राजेश लोहान के नेतृत्व में पुलिस ने असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ राजबीर की टीम के साथ मिलकर सराय, पल्ला तथा सेक्टर 31 थानाक्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कानून व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अहम कदम उठाए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस द्वारा तीनों जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने सराय, पल्ला तथा सेक्टर 31 थानाक्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को चुनाव में अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही आमजन से अपील है कि चुनाव के दौरान नशा तस्करों व अन्य किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी तुरंत पुलिस को हेल्पलाइन नम्बर 112 पर देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद करें।

# पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में कामगारों और छात्रों को किया जागरूक



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने एनआईटी में स्थित इंपीरियल ऑटो प्राइवेट लिमिटेड तथा जीपीएस गांधी कॉलोनी एनआईटी में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रमों में कामगारों और छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और छात्रों को विभिन्न कानूनों, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान फरीदाबाद पुलिस ने साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता, डायल 112 और इंडिया 112 ऐप के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाने के लिए नशा छोड़ने की प्रेरणा दी। पुलिस ने फरीदाबाद को नशा मुक्त और अपराध मुक्त शहर बनाने के लिए सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस टीम ने नागरिकों से संवाद किया और उन्हें सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

# श्री जिनचंद्र सूरी का दो दिवसीय मेला 10-11 सितंबर को

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति के अनमोल रत्न खरतरगच्छीय जैनाचार्य 1008 श्री मणिधारी दादा गुरुदेव श्री जिनचंद्र सूरी के 884वें जन्मोत्सव पर 10-11 सितंबर को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन श्री जैन मंदिर दादाबाड़ी तीर्थ, महरौली दिल्ली में होगा। यह जानकारी श्री जैन मंदिर दादाबाडी के प्रबंधक मुनीश कुमार भंसाली ने फरीदाबाद में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दी।

मेले के पहले दिन 10 सितंबर को सुबह 10.30 बजे भगवान आदिनाथ व श्री मणिधारी दादा गुरुदेव की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सुबह 11.30 बजे गुरुदेव के चरणों में 101 किलो का एक लड्डू अर्पण किया जाएगा। इसके बाद 12.30 बजे आदिनाथ भगवान की पूजा की जाएगी।

**884 वें जन्मोत्सव पर धूमधाम से होगा कार्यक्रम आयोजित**

**श्री जैन मंदिर दादावाडी तीर्थ, महरौली में होगा आयोजन**



मूल समाधी स्थल पर रात्रि 8 बजे से भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। जो सुबह 6 बजे तक चलेगा। जिसमें इंदौर से लवेश, हिमांशु बुरड़,कोलकत्ता मोहित बोथरा,हैदराबाद से संयम नाबेडा, टीकमगढ़ से आस्था जैन,गाजियाबाद से सारिका कोठारी, श्री मणिधारी विचक्षण महिला मंडल, दिल्ली खरतरगच्छ महिला परिषद (केएमपी) रूपनगर दिल्ली सहित अन्य मंडलियों के भजन गायक अपने मधुर कंठ से गुरुदेव का गुणगान करेंगी। दूसरे दिन 11 सिंतबर को सुबह 10 बजे मणिधारी दादा गुरुदेव की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद श्री मणिधारी दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा का आयोजन किया गया है। तीर्थ स्थल के प्रबंधक मुनीश भंसाली ने जैन समुदाय ही नहीं सभी दादा भक्तों को इस कार्यक्रम शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया है।

# 333 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने नशा तस्करी में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बजरंगी उत्तर प्रदेश के गांव बिलारी का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद के चंदन नगर में किराए के मकान पर रहता था। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 58 थानाक्षेत्र से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 333 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह पहले एक फैक्ट्री में काम करता था लेकिन उसकी नौकरी छूट गई। आरोपी खुद भी गांजा पीने का आदी है जो नशे की आपूर्ति के लिए नशा तस्करी करता है। उसने बताया कि यह गांजा वह दिल्ली के सदर बाजार से किसी व्यक्ति से लेकर आया था जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# जिला प्रशासन ने 3994 लीटर अवैध शराब पकड़ी



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान होने वाली अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए अभी सम्बंधित अधिकारिओं को सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके चलते जिला में अवैध शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आदर्श आचार सँहिता लगने के बाद से चेकिंग के दौरान जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए देसी शराब की 5 हजार 299 बोतलें और अंग्रेजी शराब की 133 बोतलें जब्त की गई हैं। कुल जब्त शराब की मात्रा 3 हजार 994 लीटर है, जिसका मूल्य 14 लाख 61 हजार 106 रुपए है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि इसके साथ ही अलग-अलग टीम में बनाकर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। आदर्श आचार सँहिता के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध रूप से शराब की सप्लाई न हो इसके लिए आबकारी विभाग द्वारा जिला में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ताकि किसी भी सूरत में आदर्श आचार सँहिता का उल्लंघन न हो।

# स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन ने कार्यकारिणी का किया गठन

### बल्लभगढ विधानसभा के लिए इनेलो कर सकती है सुरेश वर्मा के नाम की घोषणा



सुरेश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष



स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन कर कार्यकारिणी के नव नियुक्त सदस्य

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने फरीदाबाद जिले की कार्यकारिणी नियुक्ति की है। जानकारी के लिए बता दे कि सुरेश वर्मा का नाम बल्लभगढ़ विधानसभा से इनेलो पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नाम आगे चल रहा है। क्योंकि उनकी पकड़ स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन में पकड़ अच्छी है। जिसके कारण उन्हें इनेलो की तरफ से टिकट मिल सकता है। कार्यकारिणी गठन के मौके पर उन्होंने बताया कि इस बार की कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष रमेश डावर, जनरल सैकेट्री रवि डावर, कैशियर रवि कांत वर्मा के अलावा एनआईटी हलका अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा खामी वाले, जनरल सैकेट्री एनआईटी फरीदाबाद, जनरल सैकेट्री राकेश वर्मा और प्रमोद कुमार, कैशियर फरीदाबाद से रवि वर्मा, प्रचार मंत्री संजय सोनी, लिगल एडवाइजर विकाश वर्मा और प्रचार मंत्री का पद संजीव वर्मा को सौंपा है। वहीं उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ से चुनाव लड़ने का मौका मिला, तो वह यहां विकास कार्यों के संग ही जनता के सभी कामों को पूरा करवाऐंगे।

# यातायात पुलिस ने ड्रोन कैमरा की मदद से लेन चेंज करने वाले 24 वाहनों के किए चालान



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा लेन चेंज का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ड्रोन कैमरा की मदद से 24 वाहनों के चालान काटे गए है। यातायात पुलिस यातायात प्रबंधन में तकनीकी का बेहतरीन उपयोग कर रही है। पुलिस ने ड्रोन कैमरा के माध्यम से लेन चेंज करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 24 वाहनों के चालान काटे हैं। उन्होने बतलाया कि सडक दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा समय-समय पर सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान के तहत प्रोग्राम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, परंतु कुछ वाहन चालक यातायात नियमों की अवेहलना करते है जिसको मद्देनजर रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा लेन चेंज के वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए निर्धारित की गई लेन में ही ड्राइव करने के लिए जागरुक किया गया है।



# नहीं, टूटना नहीं रिया चक्रवर्ती

हाल ही में काफी समय बाद एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद अपने जेल के एक्सपीरिएंस के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उन्हें कैसा लगता था। रिया चक्रवर्ती ने बताया कि कैसे वो रातों-रात देश की जनता की दुश्मन बन गई। उन्होंने बताया कि कैसे मीडिया ने उन्हें ट्रोल किया, कैसे-कैसे नामों से बुलाया जाता था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा- झुकना नहीं, रोना नहीं, टूटना नहीं। आपको ये करना ही होगा। मुझे याद है कि मैंने खुद को आईने में देखा और खुद से पूछा- तुम डरी हुई हो, है ना? ऐसा लगा जैसे आईने ने हां कहा हो। हर दिन इनवेस्टिगेशन होती थी, मेरी बिल्डिंग के नीचे लगातार मीडिया की भीड़ जमा होती थी, लोगों की भीड़ जमा होती थी और इनवेस्टिगेशन तक पहुंचने के लिए भी बहुत ताकत की जरूरत होती थी क्योंकि मुझे हमेशा डर लगता था कि रास्ते में मुझे कुछ हो जाएगा। एक्ट्रेस ने आगे बताया- जब मैं जेल से बाहर आई, तो मुझे पता था कि मैं जेल से बाहर निकलने के बाद वैसी नहीं रहूंगी, जैसी मैं जेल के अंदर जाने से पहले थी। जेल एक अलग दुनिया है, क्योंकि यहां कोई सोसायटी नहीं है। यहां आप हर दिन जिंदा रहने के लिए जद्दोजहद करते हो। हर दिन स्ट्रगल करते हो और खुद को जिंदा रखने की कोशिश करते हो। वहां एक-एक दिन एक साल के जैसा लगता था। रिया ने कहा, जेल में हर कोई सिर्फ एक नंबर है और वो जगह जिंदा रहने की एक परीक्षा है। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें यह भी लगा कि उनका परिवार खत्म हो गया है और आस-पास के सभी लोग अब उनके दोस्त नहीं रहे। रिया ने आगे कहा, मैंने नहीं सोचा था कि जो कुछ हुआ उसके लिए मैं माफ कर दूंगी। लेकिन, यह आसान तरीका बन गया क्योंकि मैं लंबे समय से बहुत गुस्से में थी। मेरे इतने गुस्से ने मुझे पेट से जुड़ी कई प्रॉब्लम और एसिडिटी दे दी। मैं लगभग तीन सालों तक एसिडिटी से बहुत बुरी तरह परेशान रही। मैंने सभी को माफ नहीं किया है। कुछ लोग अब भी मेरे जहन में हैं और मैं उन्हें माफ नहीं कर सकती। बता दें कि एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती काफी विवादों में आई थी। ड्रग्स केस में नाम आने के बाद उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी, लोगों के ताने सुनने पड़े, ट्रोलिंग होना पड़ा और सोशल मीडिया पर हेट कमेंट्स तक का सामना करना पड़ा।



# अभिनेत्रियों के न्यूड सीन को रिकॉर्ड करने छिपाए जाते हैं कैमरे

फिल्म 'नसीब अपना-अपना' में ऋषि कपूर के साथ काम कर चुकी मशहूर साउथ इंडियन एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार (62) ने एक मलयालम फिल्म लोकेशन पर आपबीती के बारे में चौंकाने वाला खुलासा किया है। राधिका ने बताया कि फिल्म लोकेशन पर अभिनेत्रियों के न्यूड सीन को रिकॉर्ड करने के लिए कैमरे छिपाए जाते हैं।

गुप्त तरीके से पहले इस तरह की चीजों को रिकॉर्ड किया जाता है और उसके बाद फिल्म के सेट पर ही पुरुष उन्हें देखते हैं और मजा लेते हैं। इस तरह की हरकतों से एक्ट्रेस परेशान हो गई थीं। राधिका ने कहा कि मैंने पर्सनली लोगों को एक ही फोन को यूज करते देखा है। फिल्म के सेट पर लोग इसका मजा लेते हैं। मैं डर गई थी और वेनेटी वैन में अपने कपड़े बदले बिना होटल के कमरे में चली गई। वे लोग वेनेटी वैन में एक कैमरा लगा देते हैं, जो अभिनेत्रियों की जानकारी या उनकी मर्जी के बिना उनके न्यूड सीन को रिकॉर्ड करता है। हालांकि जब मुझे इसका पता लगा, तो मैंने फिर कभी वेनेटी में कपड़े नहीं बदले।

जब राधिका से इस मामले में आरोपी अभिनेता दिलीप के साथ काम करने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में उनके जैसे लोगों के साथ काम करना पड़ता है और साथ ही उनकी तुलना राजनेताओं से की। बता दें कि राधिका ने तमिल और तेलुगु इंडस्ट्री के साथ बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में भी काम किया है। मालूम हो कि जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद साउथ फिल्म इंडस्ट्री में तूफान आया हुआ है। आएदिन बड़े-बड़े स्टार पर आरोप लग रहे हैं। मीटू जैसे इस अभियान ने हर किसी को हिलाकर रख दिया।

# नेपोटिज्म कभी ना खत्म होने वाली बहस है: कृतिका कामरा

बॉलीवुड अभिनेत्री कृतिका कामरा ने नेपोटिज्म को लेकर हा कि यह कभी न खत्म होने वाली बहस है। अभिनेत्री कृतिका कामरा ने कहा, मैंने हमेशा अपने काम पर विश्वास किया है। मैं किसी कनेक्शन या पारिवारिक संबंधों के कारण यहां नहीं पहुंची। मुझे जो भी अवसर मिले हैं, वे वर्षों की कड़ी मेहनत और मेरी दृढ़ता का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसकी बहस में पड़ना सही नहीं है, क्योंकि आखिरी में दर्शक ही होते हैं जो एक कलाकार की किस्मत का फैसला करते हैं। उने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि नेपोटिज्म की बहस में फंसना सही है, क्योंकि अंत में दर्शक ही होते हैं जो आपकी किस्मत का फैसला करते हैं। मैं उन सभी भूमिकाओं के लिए आभारी हूं जो मुझे मिली हैं, और यह इस बात का प्रमाण है कि आप इस उद्योग में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में भी सफल हो सकते हैं। वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता नागराज मंजुले की मटका किंग में दिखाई देंगी। मटका किंग मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की जटिल दुनिया को दिखाता है। सीरीज में विजय वर्मा मटका किंग की मुख्य भूमिका में हैं। कृतिका ने कितनी मोहब्बत है शो में आरोही शर्मा की भूमिका निभाकर सुर्खियां बटोरीं। इसके बाद उन्हें कुछ तो लोग कहेंगे, रिपोर्टर्स और प्रेम या पहेली - चंद्रकांता जैसे शो में देखा गया।



अभिनेत्री ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 7 में भी भाग लिया है और तांडव और बंबई मेरी जान जैसी सीरीज में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 35 वर्षीय अभिनेत्री ने 2018 में रिलीज हुई मित्रों से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। वो प्रतीक गांधी के साथ फॉर योर आईज ओनली में भी नजर आएंगी। बता दें कि अभिनेत्री को हाल ही में थ्रिलर सीरीज ग्यारह ग्यारह में देखा गया था। यह सीरीज कोरियाई शो सिग्नल का रूपांतरण है। इस शो में राघव जुयाल, धैर्य करवा और आकाश दीक्षित भी हैं।

## जीनत अमान ने सोशल मीडिया पर अपनी पुरानी तस्वीर शेयर की

बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान ने सोशल मीडिया पर अपनी पुरानी तस्वीर शेयर की है। जीनत अमान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी तस्वीर शेयर कर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है। जीनत अमान ने एक पुरानी तस्वीर शेयर कर लिखा, 'इस सोमवार, सार्थक रिश्तों पर एक ध्यान'। जीनत अमान ने पोस्ट में कहा, उनके बहुत अधिक सार्थक रिश्ते नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा अपने निजी जीवन को देखने के बाद मुझे एहसास हुआ है कि सार्थक रिश्तों का आना मुश्किल है, क्योंकि मेरा सार्वजनिक व्यक्तित्व हमेशा मेरे सच्चे स्वत्व पर हावी रहा है। उन्होंने अपने पोस्ट में पूछा एक सार्थक रिश्ते का पैमाना क्या है। अफसोस की बात है कि मुझे इस क्षेत्र में सीमित सफलता मिली है। आशा की किरण यह है कि इसने मुझे अपने उन सार्थक रिश्तों को और अधिक संजोने के लिए प्रेरित किया है। शायद मैंने आपको इस पोस्ट से बोर कर दिया है, लेकिन मेरी इच्छा है कि आप में से प्रत्येक को अपने जीवन में रोमांटिक और सार्थक रिश्ते मिलें।


# एक्टर को पर्दे पर निभाए किरदारों के आधार पर नहीं आंका जा सकता

अभिनेत्री सारा खान का कहना है कि अभिनेताओं को पर्दे पर निभाए किरदारों के आधार पर नहीं आंका जा सकता है। सारा मानती है कि उन्हें टाइपकास्ट होने की भी चिंता नहीं है। सारा खान इन दिनों छठी मैया की बिटिया में दिख रही हैं। अपने नए किरदार को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि लोग अब अभिनेताओं को केवल उनकी स्क्रीन पर निभाई भूमिकाओं के आधार पर आंकते हैं। सोशल मीडिया अब इतना प्रचलित है कि लोग अभिनेताओं के बारे में उनकी प्रोफाइल के जरिए जान सकते हैं और देख सकते हैं कि वे अपने निभाए पात्रों से परे कैसे दिखते हैं? इसलिए मैं टाइपकास्ट होने को लेकर फिक्रमंद नहीं हूं क्योंकि इससे लोगों को हमें बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है और करियर में नए अवसर मिलते हैं। सारा खान ने कहा कि कई साल पहले जब अभिनेता टाइपकास्ट होने की चिंता करते थे। लेकिन अब यह चिंता का विषय नहीं है। सोशल मीडिया दर्शकों और निर्माताओं को अभिनेताओं की भूमिकाओं से परे उनकी प्रतिभा को देखने का मौका देता है, जिससे हमें अन्य कौशल दिखाने और पिछले किरदारों के आधार पर किसी भी पूर्वाग्रह को बदलने का मौका मिलता है। सारा खान छठी मैया की बिटिया में देवी की भूमिका निभा रही हैं। शो के बारे में सारा ने कहा कि जब भी मैं कोई किरदार निभाती हूं, तो मैं तय करती हूं कि वह किरदार कितना अहम है। किसी भूमिका को निभाने के लिए एक्टर के लिए यह जानना जरूरी होता है कि उसे क्या एक्सपोजर मिलेगा। जब मैंने देखा कि किरदार के कई रंग है तो लगा इसमें संभावनाएं अपार हैं। सारा ने 2007 में सपना बाबुल का...बिदाई से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें शो प्रीत से बांधी ये डोरी राम मिलाई जोड़ी में देखा गया, जहां उन्होंने प्रियल गोर की जगह ली। 2013 में जुनून- ऐसी नफरत तो कैसा इश्क में दिखीं। सारा खान ने ससुराल सिमर का, वी द सीरियल, प्यार तूने क्या किया, एनकाउंटर, तुझसे, हाय राब्ता, भाग्यलक्ष्मी, सौभाग्यलक्ष्मी और जाना ना दिल से दूर जैसे शो में अहम भूमिकाएं निभाई हैं और लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है।



## सलमान खान को लेकर फ़िल्म बनाएंगे एटली


दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लेकर फ़िल्म बना सकते हैं। एटली ने शाहरुख खान को लेकर सुपरहिट फ़िल्म जवान बनाई है। एटली, अब सलमान खान को लेकर फ़िल्म बना सकते हैं। कहा जा रहा है कि दो हीरो वाली फिल्म की स्टोरीलाइन और आइडिया सलमान खान को काफी पसंद आया था और उन्होंने एटली से इसकी स्क्रिप्ट तैयार करके लाने की बात कही थी। कहा जा रहा है कि सलमान को फिल्म की पटकथा बहुत पसंद आई है और उन्होंने इसमें काम करने के लिए हामी भर दी है। सलमान खुद इस फिल्म के लिए कमल हासन से बात कर रहे हैं। यह एटली की छठी फिल्म है। इसलिए इसे ए6 कहा जा रहा है। निर्देशक एटली इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम अक्तूबर के महीने से शुरू करना चाहते हैं। निर्माताओं का प्लान है कि पहले इस फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया जाए। उसके बाद से फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से शुरू की जाए। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो सकती है।



# पुरस्कार से सम्मानित होना बड़ी बात: आयुष्मान

फिक्की यंग लीडर्स अवॉर्ड्स 2024 में युथ आइकॉन ऑफ इंडिया के रूप में सम्मानित होने पर, बॉलीवुड सुपरस्टार आयुष्मान खुराना ने कहा, युथ आइकॉन ऑफ इंडिया के रूप में सम्मानित होना मेरे लिए एक बड़ी बात है। मुझे लगता है कि मेरी फिल्मों की पसंद ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज को बेहतर बनाने की मेरी मंशा को आगे बढ़ाया है। एक्टर ने आगे कहा, अपने सिनेमा के माध्यम से मैं एक उभरते हुए, गतिशील और बढ़ते हुए नए भारत की आकांक्षाओं, महत्वाकांक्षाओं और मूल्यों को चित्रित करना और उन्हें प्रतिबिंबित करना चाहता हूं। समावेशी स्क्रिप्ट और विषयों का चयन करके और क्रांतिकारी किरदार निभाकर, मेरा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि मैं अपने देश के लोगों से जुड़ सकूं और हर मौके पर यथास्थिति को चुनौती दूं। अपने ब्रांड, फिल्मों और संगीत के साथ इस यात्रा के माध्यम से, मैं लोगों को मुस्कुराने, उनके दिलों में खुशी भरने, उन्हें एकजुट करने और दुनिया को यह बताने की कोशिश करता हूं कि हमारा देश, हमारा युवा कितना तेजस्वी है।

बता दें कि आयुष्मान खुराना बॉलीवुड के जाने माने एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने इस साल एक और उपलब्धि हासिल की है, उन्होंने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के यंग लीडर्स अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। उनके साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भी इस सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। आयुष्मान और नीरज दोनों ही दुनिया भर के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जिन्होंने यह साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है।



# इम्तियाज अली को नहीं मिल रही थी अभिनेत्री, बंद कर दी फिल्म



इम्तियाज अली द्वारा निर्मित लैला मजनू फिर रिलीज के बाद हिट हो गई और अब चर्चा में है, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि त्रिप्ति डिमरी से जुड़ी कास्टिंग के चलते इस फिल्म को बंद कर दिया गया था। अविनाश तिवारी और तृप्ति डिमरी की 2018 की फिल्म लैला मजनू पिछले कुछ सालों में एक कल्ट क्लासिक के रूप में उभरी और दोनों की केमिस्ट्री आज भी सबसे बेहतरीन जोड़ियों में से एक है। इम्तियाज अली द्वारा निर्मित इस फिल्म को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था क्योंकि निर्माता अपनी आदर्श महिला लीड नहीं ढूंढ पाए थे?

लैला मजनू की कास्टिंग के दौरान मुकेश छाबड़ा के साथ उनकी कास्टिंग कंपनी में काम कर रहीं आस्था अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि लैला को खोजने में उन्हें कितने पापड़ बेलने पड़े। अरोड़ा ने कहा कि मुझे एक ऐसी खूबसूरत और आकर्षक लड़की की तलाश में बहुत मुश्किल समय का सामना करना पड़ा, जो अभिनय कर सके। कास्टिंग में इसे अक्सर बहुत मुश्किल ब्रीफ माना जाता है।

उन्होंने बताया कि लैला को खोजने के लिए टीम ने कई लड़कियों देखा, जिनमें लोकप्रिय फिल्म और टीवी कलाकार, फेमिना मिस इंडिया और देश भर के कई कॉलेज की लड़कियां या महिलाएं शामिल थी। आस्था ने बताया कि सही लड़की न मिलने की वजह से 2016 में लैला मजनू को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा था, लेकिन एक साल बाद फिर तलाश शुरू हुई।

अरोड़ा ने कहा कि हमने वापस टेस्ट लेने शुरू किए और वह दिन था जब मैंने सलोनी नाम की एक अभिनेत्री को बुलाया और तृप्ति उसकी दोस्त थी जो उसके साथ थी और मुझे लगा कि बस यही है। मैंने तृप्ति को देखा और इतने महीनों में पहली बार मुझे लगा कि यह वही लड़की है जो लैला के रोक में फिट रहेगी। तृप्ति डिमरी का ऑडिशन लिया गया और उनका टेस्ट निर्देशक और प्रोड्यूसर को भेजा गया और उन्हें फाइनल कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि एनिमल एक्ट्रेस ने आस्था को बताया कि उन्होंने एक बार दिल्ली के कास्टिंग ऑफिस में अपना ऑडिशन दिया था और शायद उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया, क्योंकि फिल्म बंद हो गई थी।